## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–10.10.2023 (सवेरे– 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एशियाई खेलों में शामिल खिलाडियों से आज नई दिल्ली में करेंगे बात, वे खिलाडियों को भी करेंगे संबोधित ।
2. कोल इंडिया के दो लाख बीस हजार कर्मियों को मिलेगा बढ़ा हुआ वेतन, जबलपुर उच्च न्यायालय ने पूर्व के आदेश पर लगाई रोक।
3. दिवंगत आर्चविशप कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो का पार्थिव शरीर आज मांडर से पुरूलिया रोड स्थित संत मारिया महागिरजाघर लाया जाएगा, कल होगा दफन संस्कार।
4. झारखंड राज्य आवास बोर्ड की 72वीं बैठक में लिया गया फैसला, हरमू में बनेगा शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, थ्री स्टार होटल का भी होगा निर्माण।
5. विश्व कप क्रिकेट में आज धर्मशाला में इंग्लैंड का मुकाबला बांग्लादेश से और हैदराबाद में पाकिस्तान की भिड़ंत श्रीलंका से होगी।

***************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एशियाई खेलों में शामिल खिलाडियों से आज नई दिल्ली में बात करेंगे। वे खिलाडियों को संबोधित भी करेंगे। प्रधानमंत्री ने एशियाई खेलों में असाधारण उपलब्धि के लिए और भावी प्रतियोगिताओं के लिए खिलाडियों को प्रेरित करने के उद्देश्य से ये कार्यक्रम आयोजित किया है। भारत ने एशियाई खेलों में 28 स्वर्ण सहित कुल 107 पदक जीते। यह पदकों की कुल संख्या के मामले में एशियाई खेलों में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इस असाधारण उपलब्धि के लिए खिलाडियों को बधाई देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा था कि खिलाडियों के प्रेरक प्रदर्शन ने इतिहास रचा और देशवासियों के दिलों में गर्व की भावना भरी।

***************************

कोल इंडिया के कर्मियों को बढ़ा हुआ वेतन मिलेगा। जबलपुर उच्च न्यायालय की डबल बेंच ने पूर्व में सिंगल बेंच से हुए आदेश पर फिलहाल रोक लगा दी है। पूर्व में जबलपुर उच्च न्यायालय ने कोल इंडिया कर्मियों के 11वें वेतन समझौते को रद्द कर दिया था। अब मामले की सुनवाई 17 अक्टूबर को होगी। उच्च न्यायालय के इस आदेश से करीब दो लाख बीस हजार कोल कर्मियों के सितंबर माह के वेतन भुगतान का रास्ता साफ हो गया है। इधर कोल इंडिया में 12 से 14 अक्टूबर तक प्रस्तावित हड़ताल स्थगित कर दी गई है।

***************************

दिवंगत आर्च विशप कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो का पार्थिव शरीर आज मांडर से रांची स्थित संत मारिया महागिरजाघर लाया जाएगा। मांडर से रांची पुरूलिया रोड तक उनके पार्थिव शरीर को लाने के दौरान जगह जगह उन्हें श्रद्धांजलि दी जाएगी। मांडर से उनका पार्थिव शरीर दिन के 10 बजे निकलेगा जो रांची स्थित संत मारिया महागिरजाघर दिन के तीन बजे पहुंचेगा। उनके सम्मान में दिन के एक बजे लोयला मैदान में मिस्सा अर्पित की जाएगी। कल संत मारिया महागिरजाघर में उनके पार्थिव शरीर पर दफन संस्कार होगा। इसे लेकर जिला प्रशासन की ओर से रांची शहर में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। वहीं दस दंडाधिकारियों को प्रतिनियुक्त भी किया गया है। शहर में जाम नहीं लगे इसे देखते हुए ट्रैफिक पुलिस के भी अतिरिक्त जवानों की तैनाती की गई है।

***************************

अटल मिशन ऑफ रेजूवेनेशन एंड अर्बन ट्रांसफॉर्मेशन के तहत देश के 500 शहरों में देवघर, मधुपुर, बासुकिनाथ, गोड्डा और महागामा को शामिल किया है। केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने गोड्डा संसदीय क्षेत्र के इन पांच शहरों के कायाकल्प और शहरी परिवर्तन के लिए पहले फेज में 50 करोड़ रुपये भी स्वीकृत कर दिया है। इस राशि से इन पांच शहरों में पानी की आपूर्ति, सीवरेज, शहरी परिवहन, पार्क, आधारभूत संरचना जैसी बुनियादी नागरिक सुविधाओं पर काम होगा।

***************************

झारखंड राज्य आवास बोर्ड की 72वीं बैठक कल हुई। बैठक की अध्यक्षता आवास बोर्ड के अध्यक्ष संजय लाल पासवान ने की। बैठक में फैसला लिया गया कि आवास बोर्ड हरमू में शॉपिंग काम्प्लेक्स का निर्माण कराएगा

वहीं थ्री स्टार होटल भी बनाया जाएगा। बोर्ड ने अरगोड़ा चौक के विकास योजना को भी बैठक में मंजूरी दी। इसके साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि हरमू या अरगोड़ा में अतिथिशाला सह निरीक्षण भवन बनाया जाएगा। बोर्ड ने मंत्रिमंडल सचिव के संकल्प के तहत राज्य आवास बोर्ड के अध्यक्ष और सदस्यों के वेतन वृद्धि को भी मंजूरी दे दी है।

**************************

लोहरदगा जिले में डेंगू और चिकुनगुनिया के प्रसार को रोकने तथा रोकथाम के लिए रणनीति तैयार की गई।

**************************

धनबाद के वरीय पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार को धनबाद के रेल एसपी का अतिरिक्त प्रभार मिला है। बीते करीब तीन महीने से यह पद खाली था, जिसकी वजह से विभागीय कामकाज के निष्पादन में आ रही परेशानियों को देखते हुए इस संबंध में मुख्यालय ने आदेश जारी किया है। गौरतलब है कि एसआरपी धनबाद के पद पिछले करीब तीन साल से प्रभार में है। सितंबर 2020 में तत्कालीन रेल एसपी दीपक कुमार सिन्हा को जामताड़ा का पुलिस अधीक्षक बनाए जाने के बाद जैप 3 के कमांडेंट प्रियदर्शी आलोक को रेल एसपी का प्रभार सौंपा गया था। इसी वर्ष जुलाई महीने में उन्हें बोकारो का एसपी बनाए जाने के बाद एक बार फिर यह पद खाली पड़ा था।

**************************

सरायकेला खरसावां जिले में फेस्टिव सीजन  के दौरान मिठाई एवं खानपान के सामग्रियों में मिलावटी को रोकने के लिए जिला फूड सेफ्टी विभाग आज से छापेमारी अभियान चलाया जाएगा।  फूड सेफ्टी ऑफिसर अदिति सिंह ने कहा कि जिले के सभी बाजारों में होटल एवं खाद्य प्रतिष्ठानों में छापेमारी की जाएगी। इसके लिए उड़न दस्ता दल का गठन किया गया है।

**************************

आईसीसी एकदिवसीय क्रिकेट विश्व कप में न्यूजीलैंड ने हैदराबाद में नीदरलैंड को 99 रनों से हरा दिया। 323 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए नीदरलैंड की टीम 46 ओवर तीन गेंद में 223 रन पर सिमट गई। इससे पहले न्यूजीलैंड ने निर्धारित 50 ओवर में 7 विकेट पर 322 रन बनाए। आज सुबह साढ़े दस बजे धर्मशाला में इंग्लैंड का मुकाबला बांग्लादेश से होगा और दोपहर 2 बजे से हैदराबाद में पाकिस्तान की भिड़ंत श्रीलंका से होगी। भारत ने कल चेन्नई में अपने अभियान के शुरूआती मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को छह विकेट से हरा दिया।

**************************

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां</u>

रांची से प्रकाशित अधिकांश अखबारों ने पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव के तारीखों का ऐलान और इजराइल ने गाजा पर हमला किया तेज की खबर को पहले पन्ने पर प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर की सुर्खी है राजस्थान, तेलंगाना, मिजोरम, छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश में चुनावी बिगुल, नतीजे 3 दिसंबर को।

दैनिक भास्कर लिखता है सुप्रीम कोर्ट ने मुख्य सचिव से कहा अराजपत्रित कर्मचारियों के वेतन भुगतान के लिए तीन सदस्यीय कमिटी बना, निकाले समाधान।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा झारखंड के हर खेत तक पहुंचेगा पानी।

दैनिक जागरण लिखता है सोलह करोड़ मतदाता चुनेंगे पांच राज्यों की सरकार।

अंग्रेजी अखबार हिन्दुस्तान टाइम्स और द टाइम्स ऑफ इंडिया ने  भी पांच राज्यों में चुनावों के तारीखों के ऐलान की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनाई है।

**************************